**Regarding physical verification of EC Compliance Reports submitted by Cement Companies in Rajasthan- Laid**

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) **:** नागौर जिले के मुंडवा में स्थित अंबुजा सीमेंट कंपनी व सरासनी के निकट स्थित जेएसडब्लू सीमेंट कंपनी को भारत सरकार द्वारा प्राप्त पर्यावरण अनापत्ति के क्रम में संबंधित कंपनियों द्वारा प्रेषित ईसी की अनुपालना रिपोर्टों की भौतिक जांच केंद्रीय टीम से करवाने की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करता हूं, दोनों कम्पनियों के खिलाफ किसान सही मुआवजा नहीं मिलने व स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिलने के कारण आंदोलित है, भू -अवाप्ति की शर्तों की जांच करवाते हुए निष्पक्ष संस्थाओं से रिस्क एसेसमेंट एनालिसिस करवाते हुए पर्यावरण संबंधी संस्तुति की विवेचना तथा भविष्य में होने वाली पर्यावरण हानि के आंकलन से पूर्व दोनों प्लांटों की गतिविधियां रोकी जाए चूंकि दोनों कम्पनियों ने पर्यावरण अनापत्ति प्राप्त करने के लिए सरकार को जो प्री फिजीबिलिटी रिपोर्ट दी उसमें रोजगार से जुड़े बिंदु की इन्होंने पालना तक नहीं की, एक तरफ जहां अंबुजा कंपनी से फैल रहे प्रदूषण से मानव, पशु धन के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है वहीं कृषि पर भी नकारात्मक असर होने लगा है वहीं जेएसडब्लू कंपनी भूमि अवाप्ति पर मुआवजे के संदर्भ में निर्णयों व नियमों की अवेहलना कर रही है,इसलिए तत्काल जनहित में दोनों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए ।

__________

**14.04 hrs**